

# 'लाइफ ट्रांसफॉर्मिंग सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनिंग' का शुभारंभ

**जबलपुर में प्रशिक्षण लेने पहुंचे नेपाल टेलीकॉम के दो दर्जन अधिकारी**

## बीआरबीआरए आईटीटी में अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्‌घाटन

● जबलपुर / राज न्यूज नेटवर्क

भारत रत्न भीम राव अंबेडकर दूरसंचार प्रशिक्षण संस्थान (बीआरबीआरए आईटीटी)जबलपुर में नेपाल टेलीकॉम अधिकारियों के लिए बुधवार सांय 'लाइफ ट्रांसफॉर्मिंग सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनिंग' के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में नेपाल टेलीकॉम के 24 अधिकारी आगामी दिनों में व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर गहन प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

### इन तकनीकों का अभ्यास

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को रोल प्ले, एक्टिविटी, साइकोमेट्रिक सेल्फ रिफ्लेक्शन और माइंड मैप तकनीक का भी अभ्यास कराया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल ट्रिपल आईटीडीएम के निदेशक डॉ. भारतेन्दु के सिंह ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण न केवल व्यक्तिगत उन्नति में सहायक होते हैं, बल्कि कर्मयोगी और वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो समस्त विश्व को एकता के सूत्र में जोड़ सकते हैं।

### अधिकारियों के कौशल का होता है उन्नयन

बीआरबीआरए आईटीटी में आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के प्रधान महाप्रबंधक एवं संस्थान प्रमुख डॉ. मनीष शुक्ला (आईटीएस) ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से अधिकारियों के कौशलों का उन्नयन होता है। उन्होंने बीआरबीआरए आईटीटी की टीम और बीएसएनएल के प्रयासों की सराहना की, जो इन कार्यक्रमों के माध्यम से अधिकारियों को नई चुनौतियों के लिए तैयार कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने नेपाल टेलीकॉम के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सूरज सिंह थापा की इस पहल की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर बीआरबीआरए आईटीटी के सभी अधिकारियों, जैसे श्री बावस्कर, सोनू गुरुनानी, सुजाता, श्री कोंडे, कनाडे, विशाल, कृष्णा कांत, प्रशांत, सुरेश, अंशुल, अभिषेक, विनय, जितेंद्र, कपिल आदि का सक्रिय योगदान रहा। संचालन पंकज राय ने किया।

TheHitavada
Jabalpur City Line | 2024-11-14 | Page- 4
ehitavada.com

# LIFE-TRANSFORMING SOFT SKILLS TRAINING begins at BRBRAITT

■ Staff Reporter



Guests along with senior officers and employees of Nepal Telecom assembled at BRBRAITT.

AN INTERNATIONAL training programme, "Life-Transforming Soft Skills Training," was inaugurated at Bharat Ratna Bhim Rao Ambedkar Institute of Technical Training (BRBRAITT), Jabalpur, on Wednesday. The ceremony marked the beginning of a significant programme attended by 24 officials from Nepal Telecom. In the coming days, the participants will undergo intensive training focused on various aspects of personal and professional development. This training includes role-play, activities, psychometric self-reflection, and mind mapping exercises.

Chief guest on the occasion was Dr. Bharatendu K. Singh, Director of IIITDM Jabalpur who informed about the significance of such training programs. He said, "Such training programs not only support personal growth but also play a key role in cultivating a global mindset and a sense of unity that can connect the entire world."

Dr. Manish Shukla (ITS), Chief General Manager and Head of BRBRAITT, expressed that programs like these enhance the skills of officials. He stated, "When an employee becomes a dedicated worker, they contribute successfully to their society, institution, and nation." He also acknowledged the efforts of the BRBRAITT team and BSNL for preparing officials to face new challenges and praised Mr. Suraj Singh Thapa, Chief Human Resource Officer of Nepal Telecom, for his initiative in supporting this training. The success of this event was due to the commendable contributions of BRBRAITT officials, including Sonu Gurunani, Sujata, Krishna Kant, Prashant, Suresh, Anshul, Abhishek, Vinay, Jitendra, Kapil and others. The program was convened by Pankaj Rai.

Powered by iDocuments

# नेपाल के अधिकारी 10 दिनों तक सीखेंगे टेलीकॉम की बारीकियाँ




**कार्यालय प्रतिनिधि, जबलपुर।** नेपाल के टेलीकॉम अधिकारियों के लिए बुधवार से रिज रोड सिविल लाइन स्थित भारत रत्न भीमराव अंबेडकर दूरसंचार प्रशिक्षण संस्थान में ट्रेनिंग की शुरुआत हुई। 10 दिन तक ये अधिकारी टेलीकॉम से जुड़ी बारीकियों को जानेंगे। लाइफ ट्रांसफॉर्मिंग सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनिंग' का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. भारतेन्दु के सिंह निदेशक ट्रिपल आईटीडीएम ने किया। संस्थान के प्रधान महाप्रबंधक डॉ. मनीष शुक्ला आईटीएस ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से अधिकारियों के कौशल का उन्नयन होता है। उन्होंने नेपाल टेलीकॉम के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सूरज सिंह थापा की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में नेपाल टेलीकॉम के 24 अधिकारी भाग ले रहे हैं। इस दौरान सोनू गुरुनानी, कृष्णकांत, प्रशांत, सुरेश, अंशुल, पंकज राय आदि की उपस्थिति रही। पी-3

पत्रिका

### बीआरबीआरएआइटीटी में लाइफ ट्रांसफॉर्मिंग ट्रेनिंग कार्यक्रम

# सेल्फ रिफ्लेक्शन से मजबूत होगी सॉफ्ट स्किल



पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com

**जबलपुर.** भारत रत्न भीमराव अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेलिकॉम ट्रेनिंग सेंटर में नेपाल टेलिकॉम अधिकारियों के लिए अंतरराष्ट्रीय ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय लाइफ ट्रांसफॉर्मिंग सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनिंग था। कार्यक्रम में 24 अधिकारियों की सहभागिता हुई। जिन्हें आगामी दिनों में व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## माइंड मैपिंग तकनीक से होंगे रूबरू

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को रोल प्ले, एक्टिविटी, साइकोमेट्रिक सेल्फ रिफ्लेक्शन और माइंड मैप तकनीक का भी अभ्यास कराया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्रिपलआईटीडीएम के निदेशक डॉ. भारतेन्दु के सिंह थे। उन्होंने कहा किसी भी क्षेत्र में सॉफ्ट स्किल को बढ़ावा दिया जाना आवश्यक है। समारोह में बीआरबीआरएआइटीटी के प्रधान महाप्रबंधक डॉ. मनीष शुक्ला ने कहा कि जब कोई कर्मचारी कर्मयोगी बनता है, तो वह अपने समाज, संस्थान को सफल बना सकता है। समारोह में सोनू गुरुनानी, सुजाता, विशाल, कृष्णा कांत, प्रशांत, सुरेश, अंशुल, अभिषेक, विनय, जितेंद्र, कपिल का सहयोग रहा। चालन पंकज राय ने किया।

रक्षा व
लगेगा
जबलपु
हाफ मै
एक्सपो
लगाया ज
बिब एक्स
के लिए
पर होगा।
के लिए
डीएसओ
से शाम
होगा। जो
नहीं कर
को कोब
कर सकें
उन्हें सु
अनिवार्य

स्टूडेंट
हेल्थ

जबलपु
रेड क्र
तत्वावध
एकलव्य
विद्यालय
अस्तपाल
स्वास्थ्य
इसमें 45
परीक्षण

14/11/2024 | jabalpur | Page : 10
Source : https://epaper.patrika.com/